कालों के काल महाकाल की देखो आ रही है पालकी लिरिक्स

कालों के काल महाकाल की,
देखो आ रही है पालकी,
जय बोलो जय बोलो,
जय बोलो महाकाल की।bd।

भक्तों की लेने खबरिया,
सज धज के शिव जब निकलते,
बाबा की एक झलक पाने,
भक्तों के दिल है मचलते,
यही ओंकार है जीवन का सार है,
शिव में समाया संसार है,
ना जाने कितनों की तकदीर,
शिव ने निहाल की,
जय बोलो जय बोलो,
जय बोलो महाकाल की।bd।

हम तो चले शिव की नगरी,
हम भूल बैठे जमाना,
कावड़ में भक्ति का जल है,
महाकाल पर है चढ़ाना,
भोले की मस्ती में भोले की बस्ती में,
भोले के भक्तों का राज है,
उज्जैन के राजा ने बुलाया,
कृपा कितनी बेमिसाल की,
जय बोलो जय बोलो,
जय बोलो महाकाल की।bd।

महाकाल हैं सबके राजा,
सेना है यह महाकाल की,
पीछे चले शिव दीवाने,
आगे चले शिव की पालकी,
भगवा को उड़कर बोल बम बोल कर,
चिंता सब शंभू पे छोड़कर,
नाचे मगन हम होके,
दीवानगी यह महाकाल की,
जय बोलो जय बोलो,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जय बोलो महाकाल की।bd।

कालों के काल महाकाल की,
देखो आ रही है पालकी,
जय बोलो जय बोलो,
जय बोलो महाकाल की।bd।

Singer / Upload – Kapil Aleriya
7879241274

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com